उत्तर प्रदेश का अधिकांश भाग गंगा–यमुना के दोआब में स्थित है, जहॉ विश्व का विशालतम भू–जल–भण्डार उपलब्ध है, किन्तु पेय जल, सिंचाई तथा उद्योगों हेतु जल की बढ़ती मांग के कारण भू–जल स्रोतों का अनियंत्रित दोहन अनवरत रूप से जारी है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव प्रदेश के अधिकांश भागों में धीरे–धीरे गिरते हुए जल स्तर, नलकूपों की असफलता एवं पारिस्थितिकीय असंतुलन के रूप में परिलक्षित हो रहा है। भू–जल स्रोतों के साथ–साथ सतही जल स्रोत विशेष रूप से तालाब, पोखर एवं जलाशय आदि भी सूख रहे हैं। इस प्रकार पारिस्थितिकीय संरक्षण एवं संचयन वर्तमान में एक चुनौती बन चुका है। अतः समय रहते इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में जल संकट का सामना न करना पड़े।

2. उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष लाखों गैलन वर्षा जल व्यर्थ बहकर समुद्र में चला जाता है, जिसे अन्यथा भू–जल संचयन की विभिन्न संरचनाओं के माध्यम से भूमि के अन्दर प्रवेश करा कर भविष्य में सम्भावित जल संकट का समाधान सुनिश्चित हो सकता है। इस प्रकार वर्षा जल संरक्षण एवं भूजल रिचार्जिंग विधा एक प्रभावी विकल्प के रूप में उभरी है, जिसे व्यापक रूप से अपनाए जाने पर दबावग्रस्त भूगर्भीय जल स्रोतों का संरक्षण सुनिश्चित हो सकता है एवं उन्हें पुनर्जीवित किया जा सकता है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय–समय पर निम्नांकित शासनादेश जारी किए गए हैं :–

(i) शासनादेश संख्या : 1703ए/9–आ–1–29 विविध/98, दिनांक 12.4.2001
(ii) शासनादेश संख्या : 3771/9–आ–1–17 विविध/2003, दिनांक 16.6.2001
(iii) शासनादेश संख्या : 3887/9–आ–1–रेन वा0 हार्वे0/2002 दिनांक 02.09.02
(iv) शासनादेश संख्या : 1760/9–आ–1–04–17विविध/2003 दिनांक 29.07.04

3. रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना को सुगम, सुरक्षित, लागत प्रभावी एवं लोकप्रिय बनाए जाने हेतु उपर्युक्त शासनादेशों के विभिन्न प्राविधानों पर इस विधा में विशेषज्ञ विभागों/संस्थाओं से शासन स्तर पर व्यापक विमर्श किया गया जिसके क्रम में कतिपय संशोधन आवश्यक पाए गए हैं। अतः मुझे यह कहने का निदेश हुआ

1723 (H22) 269

कि भू–जल संरक्षण एवं रिचार्जिंग हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को अपनाए जाने के सम्बन्ध में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा पूर्व में जारी उपरिलिखित शासनादेशों के गहन परीक्षण एवं सम्यक विचारोपरान्त तात्कालिक प्रभाव से निम्न संशोधन एवं व्यवस्था लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है :–

3.1 नगरीय क्षेत्रों में प्राकृतिक तालाबों, पोखरों, जलाशयों, आदि का संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। इस हेतु ऐसे समस्त तालाबों, पोखरों, जलाशयों को महायोजना/जोनल डेवलपमेन्ट प्लान में चिन्हित कर उनके वर्तमान उपयोग हेतु आरक्षित किया जाए तथा उनमें केवल वर्षा जल का सरफेस रन ऑफ व सम्बन्धित क्षेत्र से गुजर रहे प्राकृतिक ड्रेनेज (जिनमें प्रदूषित जल न आता हो), को ही मिलाने की व्यवस्था रखी जाए। ऐसे तालाबों/पोखरों/जलाशयों, आदि में **भू–जल रिचार्जिंग हेतु रिचार्ज शैफ्ट किसी भी दशा में नहीं बनाए जायंगे**, जिसमें औद्योगिक क्षेत्रों का प्रदूषित जल–प्रवाह आता हो अथवा प्रदूषित जल आने की सम्भावना हो। रिचार्ज शैफ्ट स्थल विशेष की परिस्थितियों का विश्लेषण करने के उपरान्त ही बनाए जाएं। इसके अतिरिक्त तालाबों, पोखरों, जलाशयों, आदि को अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण/कब्जे से मुक्त रखा जाए तथा सम्बन्धित अभिकरण द्वारा उनका जीर्णोद्धार किया जाए।

3.2 नयी योजना बनाने से पूर्व क्षेत्र का जियोलॉजिकल/हाइड्रोलॉजिकल/हाइड्रोजियोलॉजीकल सर्वेक्षण कराया जाए एवं भू–जल की रिचार्जिंग हेतु स्थानीय आवश्यकतानुसार उपयुक्त पद्धति को अपनाया जाए।

3.3 20 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल की योजनाओं के ले–आउट प्लान्स में पार्क एवं खुले क्षेत्र के अन्तर्गत कुल योजना क्षेत्र की लगभग 5 प्रतिशत भूमि पर भू–जल की रिचार्जिंग हेतु जलाशय का निर्माण किया जाए, जिसका न्यूनतम क्षेत्रफल एक एकड़ होगा। जलाशय के निर्माण के पूर्व सम्बन्धित योजना के अन्तर्गत वर्षा जल के प्राकृतिक कैचमेन्ट एरिया को चिन्हित करते हुए वर्षा जल के आयतन, क्षेत्र के हाइड्रोजियोलॉजिकल, टोपोग्राफी, लीथॉलाजी, मृदा गुणों तथा प्रस्तावित जलाशय में वर्षा जल के सम्भावित ठहराव (रिटेशन्स) व स्टेगनेशन का अध्ययन एवं तत्सम्बन्धी फिजिबिलिटी का आंकलन किया जाए और उसके अनुसार ही जलाशय की गहराई निर्धारित की जाए, परन्तु **जलाशय की गहराई किसी भी दशा में 03 मीटर से अधिक न रखी जाए।** इसके अतिरिक्त जलाशय में केवल उसी योजना के सरफेस–रन–ऑफ को निस्तारित करने की व्यवस्था की जाए तथा प्रदूषित जल एवं उत्प्रवाह को उसमें न मिलाया जाए।

3.4 20 एकड़ से कम क्षेत्रफल की योजनाओं में भी उपरोक्तानुसार जलाशय बनाए जाए एवं पार्क व खुले क्षेत्र के अन्तर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार एक कोने में रिचार्ज पिट/रिचार्ज शैफ्ट बनाए जाए। ऐसे रिचार्ज पिट/रिचार्ज शैफ्ट का निर्माण क्षेत्रीय हाइड्रोजियोलॉजी के अनुरूप एवं भू–जल के ढलान की दिशा में किया जाए।

3.5 पार्कों में पक्का निर्माण, पक्के पेवमेन्ट संहित 5 प्रतिशत से अधिक न किया जाए तथा फुटपाथ एवं ट्रैक्स यथा सम्भव 'परमीएबिल' या ऐसी परिमीएबिल परफोरेटैड–ब्लाक्स के प्रयोग से ही बनाए जाए। वर्षा जल के अधिकतम भूमिगत रिसाव को पार्क एवं खुले क्षेत्रों में प्रोत्साहित किया जाए।

3.6 **नव निर्मित होने वाले समस्त उपयोगों के भवनों में 'रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग' प्रणाली अनिवार्य रूप से स्थापित करायी जाए।** इस हेतु निम्न प्रक्रिया अपनायी जाए :–

(क) शासकीय अभिकरणों/निजी विकासकर्ताओं/सहकारी आवास समितियों द्वारा प्रस्तावित नई योजनाओं के ले–आउट प्लान्स में दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग को छोड़कर अवस्थापना सुविधाओं यथा जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं सीवरेज के नेटवर्क के साथ–साथ रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भू–जल की सामूहिक

COMMISSIONER FOR OATH High Court, Allahabad

**रिचार्जिंग** हेतु अन्य **पृथक नेटवक** का प्राविधान किया जाए, जिसमें व्यक्तिगत भूखण्डों/भवनों हेतु रिचार्जिंग पिट से लेकर उपयुक्त स्थलों पर रिचार्जिंग स्ट्रक्चर्स की व्यवस्था हो जाए। उक्त व्यवस्था पर आने वाले व्यय को योजना की विक्रय–योग्य भूमि पर भारित करते हुए लाभार्थियों से भूखण्डों/भवनों के विक्रय मूल्य में जोड़कर वसूली की जाए।

(ख) शासकीय अभिकरणों/निजी विकासकर्ताओं/सहकारी समितियों द्वारा विकसित योजनाओं में **100 वर्ग मीटर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल के सभी प्रकार के भूखण्डों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति की स्थापना किया जाना अनिवार्य होगा। किन्तु 200 वर्ग मीटर से कम क्षेत्रफल** के भूखण्डों पर निर्मित होने वाले भवन के सम्बन्ध में मात्र **यह बाध्यता होगी** कि भवनों की छत से वर्षा जल को सामूहिक रिचार्ज योजना के नेटवर्क में ही प्रवाहित किया जाए, जबकि **200 वर्ग मीटर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल के भूखण्डों** में यदि सामूहिक रिचार्ज नेटवर्क नहीं हो, तो भवन स्वामी को स्वयं ही इस पद्धति की स्थापना करना अनिवार्य होगा।

3.7 भू–जल संसाधनों की सुरक्षा के दृष्टिगत केवल छतों से प्राप्त होने वाले बरसाती जल को ही भू–जल स्रोतों में रिचार्ज कराया जाए। **खुले क्षेत्रों से प्राप्त होने वाले वर्षा जल को कदापि रिचार्जिंग के उपयोग में न लाया जाए** क्योंकि रिचार्जिंग वैल विधा से वर्षा जल सीधे स्ट्रेटा (एक्यूफर) में प्रवेश करेगा, जिससे **भू–जल प्रदूषित** हो सकता है। इसके अतिरिक्त रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स का निर्माण मानक तकनीक के अनुसार सुनिश्चित किया जाए तथा वर्षा जल को न्यूनतम आवश्यक गहराई तक ही भूमि के अन्दर प्रवेश कराया जाए, ताकि भू–जल स्रोतों के प्रदूषण की समस्या उत्पन्न न हो।

3.8 सड़कों के किनारे यथासंभव कच्चे रखे जाएं, जिसमें ब्रिक आन एज/लूज स्टोन पेवमेन्ट का प्राविधान किया जाए, ताकि भू–जल की अधिकतम रिचार्जिंग सम्भव हो सके।

3.9 सड़कों, पार्कों तथा खुले क्षेत्रों में वृक्षारोपण हेतु ऐसे पेड़–पौधों की प्रजातियों का चयन किया जाए, जिनको जल की न्यूनतम आवश्यकता हो तथा जो कम जल ग्रहण करके भी ग्रीष्म में हरे–भरे रह सकें।

3.10 रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु स्थापित **रिचार्ज स्ट्रक्चर्स के अनुरक्षण एवं रख–रखाव का कार्य** सम्बन्धित विभाग/संस्था/लाभार्थी द्वारा सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाए।

3.11 **जलरोध (वाटर लॉगिंग) की समस्या वाले क्षेत्रों में भू–जल रिचार्जिंग प्रणाली न अपनायी जाए,** परन्तु भवनों की छतों से प्राप्त होने वाले वर्षा जल के संग्रहण हेतु व्यवस्था कराई जा सकती है।

3.12 रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञता जैसे कि क्षेत्र का जियोलॉजीकल, हाइड्रोलॉजिकल एवं हाइड्राजियोलॉजिकल सर्वेक्षण फिजीबिलिटी के आंकलन, रिचार्ज स्ट्रक्चर्स का संरचनात्मक डिजाइन एवं निर्माण उपलब्ध टैक्नॉलाजी एवं इक्विपमेन्ट, निर्माण एवं रख–रखाव की लागत, आदि के सम्बन्ध में निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश तथा क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भू–जल परिषद, लखनऊ क्षेत्र से तकनीकी परामर्श प्राप्त किया जा सकता है।

4. मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में भू–जल संचयन एवं रिचार्जिंग की विभिन्न योजनाओं के समन्वय एवं अनुश्रवण तथा भू–जल अनुसंधान, अन्वेषण, दीर्घकालीन प्रबन्धन एवं नियोजन हेतु भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश को **'नोडल एजेन्सी'** घोषित किया गया हैं। अतः रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं भू–जल रिचार्जिंग की विभिन्न पद्धतियों में प्रयुक्त की जा रही तकनीकों एवं रिचार्ज स्ट्रक्चर्स से प्राप्त होने वाले

COMMISSIONER FOR OATH
High Court, Allahabad

1725 271

4. भू–जल रिचार्ज एवं भू–जल स्तर पर सम्भावित प्रभाव के आंकलन तथा 'इम्पेक्ट असेसमेन्ट' की व्यवस्था 'नोडल एजेन्सी' द्वारा सुनिश्चित की जाए।

5. कृपया उपर्युक्त निर्देशों का प्रभावी रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु अपने अधीन कार्यरत विभागों/संस्थाओं के अधिकारियों को अपने स्तर से निर्देश जारी करने का कष्ट करें। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लोकप्रिय बनाने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए भी आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(नवीन चन्द्र बाजपेई)
मुख्य सचिव

संख्या 0035 (1)/आठ–1–2005 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
2. उपाध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
3. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ लि0, लखनऊ।
4. क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भू–जल परिषद, लखनऊ।
5. निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश।
6. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम।
7. सचिव/सदस्य, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।
8. अध्यक्ष, यूपीरेडको, लखनऊ।
9. अध्यक्ष, आर्कीटेक्ट्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

(के0एल0 मीना)
सचिव

COMMISSIONER FOR OATH High Court

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD,
LUCKNOW BENCH, LUCKNOW

Writ Petition No. 4436 (M/B of 2008

Sewage Treatment Plant, Lucknow.....Petitioner

**Versus**

State of U.P. and others ....Opposite Parties

**Annexure No.** SCA-4

272

1726

## संलग्नक-4

फैक्स / समयबद्ध / शीर्ष प्राथमिकता

संख्या 3982/आठ-1-08-17विविध/03टीसी-1

प्रेषक,

अंतुल कुमार गुप्ता,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. आवास आयुक्त,
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।
2. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।
3. अध्यक्ष / जिलाधिकारी,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।
4. नियंत्रक प्राधिकारी,
समस्त विनियमित क्षेत्र,
उत्तर प्रदेश
5. मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।
6. मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
वृहत्तर नवीन ओखला औद्योगिक
विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
7. प्रबन्ध निदेशक,
उ.प्र. राज्य औद्योगिक विकास निगम।
8. प्रबन्ध निदेशक,
उ.प्र. सहकारी आवास संघ लि.लखनऊ

लखनऊः दिनांक 01 जुलाई 2008

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1

विषयः रेन वाटर हार्वेस्टिंग की नीति के कियान्वयन हेतु अभियान चलाकर समयबद्ध रूप से क्रियान्वित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रदेश में तीव्र नगरीकरण एवं उपलब्ध जल स्रोतों के अत्यधिक / अ[illegible] दोहन के परिणामस्वरूप निरन्तर गिरते भू-जल स्तर में सुधार लाने के दृष्टिगत शासनादेश संख्या 3671/9-आ-1-17विविधि/03 (आ.ब.) दिनांक 19.06.2003 द्वारा यह निर्देशित किया गया कि "भू-जल संशाधनों के संरक्षण एवं सम्वर्द्धन की दृष्टि से 300 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल के नए निर्मित होने वाले समस्त प्रकृति के भवनों में तत्काल प्रभाव से रूफ-टाप हार्वेस्टिंग अनिवार्य कर दिया जाए तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य योजना को एक अभियान के रूप में क्रियान्वित करते हुए इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाय"।

2. उक्त शासनादेश दिनांक 19.06.03 में दिये गये निर्देशों के अनुसार अपेक्षित कार्यवाही अब तक हुई प्रतीत नहीं होती है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यक्रम को और अधिक गम्भीरता से लिये जाने की आवश्यकता है। इस दिशा में यह आवश्यक है कि सभी कार्यदायी / रेगुलेटरी संस्थाओं द्वारा नियमित रूप से इस कार्यक्रम की समीक्षा की जाए तथा व्यापक अभियान चलाकर उक्त कार्यक्रम को कठोरता से लागू किया जाए।

3. इस सम्बन्ध में निर्गत किए गए शासनादेश संख्या यू.ओ. 35/आ[illegible] 1-05 दिनांक 25.04.06 के प्रस्तर-3.6 के उप प्रस्तर-ख में 200 वर्ग मीटर एवं उससे कम क्षेत्रफल वाले भूखण्डों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के प्रावधान को अवकगित करते हुए 300 वर्ग मीटर व उससे अधिक क्षेत्रफल के भूखण्डों पर होने वाले सभी प्रकार के निर्माणों पर उक्त व्यवस्था लागू रहेगी।

4. इसी क्रम में आपका ध्यान उक्त शासनादेश दिनांक 25.04.2006 में किए गए इस प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है, जिसमें यह व्यवस्था की गई है कि 20 एकड़ से अधिक की

नगर एवं ग्राम नियोजन
उ० प्र०, लखनऊ

COMMISSIONER FOR OATHS

1727 273

योजनाओं के ले–आउट प्लान में पार्क एवं खुले क्षेत्र के अन्तर्गत कुल योजना के क्षेत्र के लगभग 5 प्रतिशत भूमि पर भू–जल की रिचार्जिंग हेतु जलाशय का निर्माण किया जाए, जिसका न्यूनतम क्षेत्रफल एक एकड़ होगा। 20 एकड़ से कम क्षेत्रफल की योजनाओं में भी जहां संभव हो जलाशय बनाया जाए। पार्क एवं खुले क्षेत्र के अन्तर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार एक कोने में रिचार्ज पिट/रिचार्ज शैफ्ट बनाया जाए। उक्त प्राविधान का कियान्वयन कठोरतापूर्वक सुनिश्चित किया जाय।

5. उपर्युक्त तथ्यों के दृष्टिगत मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्नवत् निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाये:–

(1) 300 वर्ग मीटर अथवा इससे अधिक क्षेत्रफल में निर्मित भवनों के सम्बन्ध में निम्नवत् कार्य की जाय।

(क) शासनादेश दिनांक 19.06.03 के पश्चात निर्मित भवनों का चिन्हीकरण किया जाय।

(ख) भवन स्वामियों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था एक नियत समयावधि में सुनिश्चित हेतु नोटिस दी जाय और यह बाध्यकारी बनाया जाए कि वह रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था के उपरान्त प्राधिकरण को अनुपालन रिपोर्ट करेंगें। अनुपालन आख्या प्राप्त हो जाने के उपरान्त प्राधिकरण स्तर से पुनरीक्षित कम्पलीशन रिपोर्ट निर्गत की जाएगी।

(ग) शासनादेश दिनांक 19.06.03 के निर्गत होने की तिथि से 300 वर्ग मीटर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल के नवनिर्मित होने वाले समस्त प्रकृति के भवनों में रूफ–टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

(2) निजी निर्माताओं अथवा शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों द्वारा निर्मित ग्रुप हाउसिंग कालोनियों तथा बहुमंजिली आवासीय इकाइयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित का दायित्व सम्बन्धित कार्यदायी संस्था/निर्माता का होगा।

(3) समस्त सरकारी व अर्द्धसरकारी भवनों में रूफ–टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्यतः सुनिश्चित की जाएगी। सरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का दायित्व सम्बन्धित शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग/प्राधिकरण, अभिकरण/निगम का होगा।

6. रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यक्रम की प्रगति का सत्यापन शासन स्तर पर गठित टीम समय–समय पर स्थल निरीक्षण करके भी किया जायेगा तथा इसमें शासकीय निर्देशों के प्रति कोई अनियमितता व शिथिलता पाये जाने पर सम्बन्धित भवन स्वामी/निजी बिल्डर्स/सहकारी आवास समितियों/शासकीय अभिकरणों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

7 रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था से सम्बन्धित तकनीकी डिजाइन आदि की विस्तृत जानकारी आवास बन्धु की वेबसाइट www.awas.up.nic.in तथा भू–गर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट www.gwd.up.nic.in पर भी प्राप्त की जा सकती है।

उक्त समस्त कार्यवाहियां समयबद्ध, चरणबद्ध रूप में अभियान चलाकर अधिकतम 02 माह के अन्दर पूर्ण की जाएंगी। इसी अभियान की पाक्षिक समीक्षा की जाए एवं इसकी विस्तृत रिपोर्ट इस विभाग सम्बन्धित प्रशासकीय विभाग को भेजी जाए। दो माह की अवधि व्यतीत होने के उपरान्त समस्त विकास प्राधिकरणों/आवास विकास परिषद/औद्योगिक विकास प्राधिकरण/सभी निकायों/निगमों के विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों को इस आशय का लिखित प्रमाण–पत्र

COMMISSIONER FOR OATH High Court, Allahabad

274
1728

...सूचना हो।। कि उनकी याचिका पर स्थिति स्पष्ट।। ...

...हाईकोर्ट की व्यवस्था से ...तपत्र कर दिया गया है।।

...कृपया उक्त निर्देशों का ...अक्षरशः अनुपालन ...

...

संख्या 3182/(1)/आठ-1-08 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, लखनऊ।
6. निदेशक, भू-गर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश।
7. सचिव/रजिस्ट्रार, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।
8. अध्यक्ष, यूपीरेडको, लखनऊ।
9. अध्यक्ष, आर्कीटेक्ट्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश।
10. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
11. निदेशक, आवास बन्धु को इस आशय के साथ प्रेषित कि शासनादेश की प्रतियां सम्बन्धित को उपलब्ध कराते हुए उक्त शासनादेश को आवास एवं शहरी नियोजन की वेबसाइट पर उपलोड कराने का कष्ट करें।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरि ओम शुक्ल)
मुख्य सचिव

COMMISSIONER FOR OATH
High Court, Allahabad

AVAS-1/GO-15

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD,
LUCKNOW BENCH, LUCKNOW

Writ Petition No. 4436 (M/B) of 2003

Sewage Treatment Plant, Lucknow .....Petitioner

**Versus**

State of U.P. and others ....Opposite Parties

**Annexure No.** SCA-5

275 (458) 1729


आवास बन्धु

प्रथम तल, जनपथ मार्केट, लखनऊ

दूरभाष: 2622941, 2627021,फैक्स: 2612098

ई–मेल :awasbandhu@gmail.com


संख्याः 9635 /आ.ब.–1/रेनवाटर–हार्वेस्टिंग/09 लखनऊ, दिनांक 28 मई, 2009

प्रेषक,

**निदेशक**
आवास बन्धु, उ.प्र.।

सेवा में,

**निदेशक,**
भूगर्भ जल विभाग,
9वॉ तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः रेनवाटर हार्वेस्टिंग/रीचार्जिंग कार्यक्रमों के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो का विवरण।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या 633/भू0ज0वि0/जी–30(भू जल दिवस) दिनांक 22 मई, 2009 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, इस सम्बन्ध में विवरण निम्नानुसार हैः–

आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अभिकरणों द्वारा इस कार्यक्रम के अन्तर्गत माह मार्च 2009 तक 566 सरकारी/अर्धसरकारी भवनों में 67.41 हेक्टेयर रूफटॉप क्षेत्रफल, 200 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल के 2965 भवनों के 375.47 हेक्टेयर रूफटॉप क्षेत्रफल के वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की गयी, जिससे कुल 1309013घन मीटर वॉटर हार्वेस्टिंग सम्भाव्य है।

कुल 191 तालाबों/जलाशयों के 1678 हेक्टेयर कैचमेन्ट एरिया में ग्राउण्ड वाटर चार्जिंग की व्यवस्था कराई गई है, जिसमें कुल 1590648 घन मीटर वाटर हार्वेस्टिंग सम्भाव्य ०।

आवास बन्धु में उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार अभिकरणवार विस्तृत प्रगति विवरण (माह मार्च, 09 तक) संलग्न कर प्रेषित है।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

28/05/09

(एस. सी मिश्र)
निदेशक

COMMISSIONER FOR OATH
High Court Allahabad

एम.पी.आर.–22

सैलरनक -5

# रेन वाटर हारवेस्टिं एवं ग्राउण्ड वाटर रिचार्जिंग

रिपोर्टिंग ... मार्च , 2009 तक

| क्रम संख्या | नाम विकास प्राधिकरण / आ वि परिषद | वर्ष 2008–09 मे रेन वाटर हारवस्टिंग एव रीचार्जिंग क | | | | | | परम्भ से अलांच्य माह तक की क्युमैलिटिव प्रगति | | | | | | | | | ग्राउण्ड वाटर चार्जिंग व्यवस्था की प्रगति | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सरकारी / अर्द्ध सरकारी भवनों मे | | 200 व मी एव अधिक क्षेत्रफल के भवनों मे | | नये / विद्यमान जलाशयों = | | सरकारी / अर्द्ध– सरकारी भवनों मे | | 200 वर्ग मीटर एव अधिक क्षेत्रफल के भवनों मे | | | | | कुल रूफ टॉप क्षेत्रफल (हैक्ट.) (10–13) | सम्भाव्य वाटर हार्वेस्टिंग (घन मी.) | नये / विद्यमान तालाबो एव जलाशयों मे (संख्या) | केचमन्ट एरिया (हैक्ट.) | सम्भाव्य वाटर हार्वेस्टिंग (घन मी.) |
| | | | | | | | | | | कुल स्कीकृत भवनों (संख्या) | व्यवस्था की गई | | व्यवस्था नही की गई | | | | | | |
| | | लक्ष्य (संख्या) | उपलब्धि (संख्या) | लक्ष्य (संख्या) | उपलब्धि (संख्या) | लक्ष्य (संख्या) | उपलब्धि (संख्या) | भवनो की संख्या | रूफ टॉप क्षेत्रफल (हैक्ट.) | | भवनों की (संख्या) | रूफ टॉप क्षेत्रफल (हैक्ट.) | भवनो की (संख्या) (11–12) | कार्यवाही सीलबन्द / अभियोजन (संख्या) | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| ए0एस0–1 | गाजियाबाद | 12 | 3 | 100 | 91 | 3 | 0 | 80 | 20.09 | 1191 | 806 | 192.03 | 385 | 385 | 212.12 | 461569 | 1 | 4.70 | 14900 |
| ए0एस0–2 | आ वि परिषद | 18 | 1 | 250 | 20 | 3 | 17 | 101 | 3.85 | 811 | 253 | 10.31 | 558 | 7 | 14.16 | 120350 | 39 | 138.74 | 224439 |
| ए0एस0–3 | कानपुर | 12 | 0 | 200 | 20 | 3 | 0 | 11 | 2.30 | 721 | 155 | 11.80 | 566 | 0 | 14.10 | 49428 | 18 | 83.92 | 14938 |
| ए0एस0–4 | लखनऊ | 12 | 20 | 250 | 67 | 3 | 0 | 55 | 10.25 | 620 | 137 | 17.31 | 483 | 141 | 27.56 | 98770 | 4 | 84.00 | 415000 |
| ग(श्रेणी–ए0एस) | | **54** | **24** | **800** | **198** | **12** | **17** | **247** | **36.48** | **3343** | **1351** | **231.46** | **1992** | **533** | **267.94** | **730117** | **62** | **311.36** | **669277** |
| ए–1 | आगरा | 5 | 1 | 150 | 16 | 2 | 1 | 24 | 3.03 | 397 | 345 | 20.21 | 52 | 0 | 23.24 | 60884 | 11 | 264.86 | 506172 |
| ए–2 | इलाहाबाद | 5 | 0 | 125 | 9 | 2 | 0 | 143 | 2.33 | 87 | 54 | 3.66 | 33 | 0 | 5.99 | 32596 | 2 | 2.34 | 6703 |
| ए–3 | मेरठ | 5 | 0 | 125 | 0 | 2 | 0 | 16 | 2.95 | 216 | 216 | 46.60 | 0 | 0 | 49.55 | 54712 | 14 | 5.46 | 8245.94 |
| ए–4 | मुरादाबाद | 5 | 9 | 125 | 3 | 2 | 0 | 20 | 5.66 | 119 | 69 | 5.81 | 50 | 0 | 11.47 | 101363 | 0 | 0.00 | 0 |
| योग(श्रेणी–ए) | | **20** | **10** | **525** | **28** | **8** | **1** | **203** | **13.97** | **819** | **684** | **76.28** | **135** | **0** | **90.25** | **249555** | **27** | **272.66** | **521121** |
| बी–1 | अलीगढ | 4 | 4 | 80 | 75 | 2 | 0 | 16 | 7.30 | 260 | 157 | 6.12 | 103 | 103 | 13.42 | 83500 | 2 | 4.00 | 22000 |
| बी–2 | बरेली | 4 | 4 | 100 | 64 | 2 | 0 | 22 | 1.04 | 275 | 197 | 10.25 | 78 | 0 | 11.29 | 9195 | 5 | 5.00 | 18000 |
| बी–3 | गोरखपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | 0 |
| बी–4 | मथुरा–वृन्दावन | 3 | 3 | 100 | 81 | 2 | 1 | 22 | 2.53 | 376 | 349 | 25.57 | 27 | 0 | 28.10 | 60198 | 5 | 4.61 | 38500 |
| बी–5 | वाराणसी | 3 | 0 | 100 | 0 | 2 | 0 | 5 | 0.58 | 54 | 50 | 5.00 | 4 | 0 | 5.58 | 56100 | 39 | 20.00 | 176400 |
| योग(श्रेणी–बी) | | **14** | **11** | **380** | **220** | **8** | **1** | **65** | **11.45** | **965** | **753** | **46.94** | **212** | **103** | **58.39** | **208993** | **51** | **33.61** | **254900** |
| सी–1 | बाँदा | 1 | 0 | 5 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0.01 | 20 | 2 | 0.00 | 18 | 0 | 0.01 | 100 | 1 | 4.90 | 8000 |
| सी–2 | बुलन्दशहर | 1 | 1 | 15 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.58 | 34 | 26 | 1.88 | 8 | 0 | 2.46 | 14852 | 2 | 0.55 | 0.2491 |
| सी–3 | फैज़ाबाद | 1 | 0 | 10 | 0 | 1 | 0 | 3 | 0.26 | 68 | 9 | 0.45 | 59 | 0 | 0.71 | 3879 | 1 | 1.20 | 72000 |
| सी–4 | फिरोजाबाद | 1 | 0 | 5 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0.19 | 28 | 6 | 1.21 | 22 | 0 | 1.40 | 1100 | 0 | 0.00 | 0 |
| सी–5 | हापुड़–पिलखुवा | 1 | 0 | 20 | 17 | 1 | 0 | 2 | 0.17 | 118 | 35 | 6.19 | 83 | 83 | 6.35 | 18750 | 2 | 7.50 | 18750 |
| सी–6 | झाँसी | 1 | 3 | 20 | 0 | 1 | 0 | 5 | 0.60 | 7 | 4 | 0.15 | 3 | 0 | 0.75 | 3550 | 2 | 40.00 | 40000 |
| सी–7 | मुजफ्फरनगर | 1 | 1 | 10 | 17 | 1 | 0 | 10 | 0.77 | 36 | 23 | 1.31 | 13 | 13 | 2.08 | 15317 | 1 | 0.00 | 0 |
| सी–8 | रायबरेली | 1 | 0 | 15 | 0 | 1 | 0 | 9 | 2.25 | 10 | 9 | 1.09 | 1 | 0 | 3.34 | 18000 | 11 | 4.50 | 4800 |
| सी–9 | सहारनपुर | 1 | 6 | 15 | 0 | 1 | 0 | 12 | 0.50 | 38 | 2 | 6.82 | 36 | 0 | 7.32 | 42000 | 0 | 0.00 | 0 |
| सी–10 | उन्नाव | 1 | 0 | 10 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0.11 | 20 | 10 | 0.72 | 10 | 0 | 0.83 | 2800 | 1 | 30.00 | 1800 |
| सी–11 | रामपुर | 1 | 0 | 5 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0.00 | 3 | 0 | 0.00 | 3 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | 0 |
| सी–12 | उरई | 1 | 0 | 5 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0.00 | 2 | 0 | 0.00 | 2 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | 0 |
| सी–13 | खुर्जा | 1 | 1 | 5 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0.07 | 2 | 1 | 0.08 | 1 | 0 | 0.15 | 0.05 | 0 | 0.00 | 0 |
| सी–14 | शक्तिनगर वि.क्षे.वि.प्रा. | 1 | 0 | 5 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0.00 | 25 | 25 | 0.45 | 0 | 0 | 0.45 | 0 | 25 | 486.18 | 0 |
| सी–15 | कुशीनगर वि.क्षे.वि.प्रा. | 1 | 0 | 5 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0.00 | 25 | 25 | 0.45 | 0 | 0 | 0.45 | 0 | 5 | 486.18 | 0 |
| सी–16 | चित्रकूट वि.क्षे.वि.प्रा. | 1 | 0 | 5 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | 0 |
| सी–17 | कपिलवस्तु वि.क्षे.वि.प्रा. | 1 | 0 | 5 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | 0 |
| सी–18 | मिर्जापुर वि.क्षे.वि.प्रा. | 1 | 0 | 5 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0.00 | 12 | 0 | 0.00 | 12 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | 0 |
| योग(श्रेणी–सी) | | **18** | **12** | **165** | **37** | **18** | **0** | **51** | **5.51** | **448** | **177** | **20.79** | **271** | **96** | **26.30** | **120348** | **51** | **1061.01** | **145350** |
| | महायोग | **106** | **57** | **1870** | **483** | **46** | **19** | **566** | **67.41** | **5575** | **2965** | **375.47** | **2610** | **732** | **442.88** | **1309013** | **191** | **1678.64** | **1590648** |

Water Harvesting Potential (cu.m.)= Rainfall (metres) x Area of catchment (sq m ) x Run off coefficient

1730

276

संलग्नक-6

# शासकीय/अर्द्धशासकीय भवनों में रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति स्थापित किये जाने की त्रैमासिक प्रगति

## समस्त जनपद/नगर, उत्तर प्रदेश।

जून, 2009

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | शासनादेश सं0 1730ए दिनॉक 12 अप्रैल 2001 से पूर्व निर्मित भवन | | | शासनादेश सं0 1730ए, दिनॉक 12 अप्रैल 2001 के उपरान्त निर्मित भवन | | | वर्तमान में निर्माणाधीन भवन | | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है | कुल सं0 | भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की गई है | विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है | कुल सं0 | भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की गई है | विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है | कार्यदायी संस्था का नाम | कुल सं0 | भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की जा रही है/ प्रस्तावित है। | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | लखनऊ | लोक निर्माण विभाग | 6 | – | | | | राज्य हज समिति (हज हाऊस) | सी0एण्ड डी0 एस0, जल निगम | 1 | 1 | |
| | | राज्य सम्पत्ति विभाग | 36 | 6 | | | | पी0जी0आई0 (आवासीय भवन, टेलीमेडिसिन एवं | सी0एण्ड डी0 एस0, जल निगम | 4 | 4 | |
| | | सिचाई विभाग | 5 | – | | | | स्वास्थ्य विभाग (रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय) | सी0एण्ड डी0 एस0, जल निगम | 1 | 1 | |
| | | वाल्मी | 1 | – | | | | के0जी0 डेन्टल यूनिवर्सिटी (कर्मचारी क्वाटर) | सी0एण्ड डी0 एस0, जल निगम | 1 | 1 | |
| | | नगर निगम | 1 | 1 | | | | | | | | |
| | | कलेक्ट्रेट | 1 | 1 | | | | | | | | |
| | | मण्डलायुक्त | 1 | 1 | | | | | | | | |
| | | जल निगम | 5 | 2 | | | | | | | | |
| | | कृषि विभाग | 1 | – | | | | | | | | |
| | | राज्य कृषि प्रबंध संस्थान (रहमानखेड़ा) | 3 | – | | | | | | | | |
| | | कल्याण मण्डप (नगर निगम) | 1 | 1 | | | | | | | | |

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD,
LUCKNOW BENCH, LUCKNOW
Writ Petition No. 4436 (M/B) of 2009
Sewage Treatment Plant, Lucknow.....Petitioner
Versus
State of U.P. and others .....Opposite Parties
Annexure No. S.C.A-6

1731



| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राविधिक शिक्षा विभाग (पालीटेक्निक) | 25 | 8 | | | | प्राविधिक शिक्षा विभाग (आई0ई0टी0) | राजकीय निर्माण निगम | 2 | – | |
| | | लखनऊ विकास प्राधिकरण | 12 | 8 | लखनऊ विकास प्राधिकरण | 3 | 3 | | | | | |
| | | आवास विकास परिषद | 8 | 6 | | | | | | | | |
| | | खेल विभाग | 6 | 2–चौक एवं राजाजीपुरम स्टेडियम | | | | | | | | |
| | | कारागार विभाग (जिला व सेन्ट्रल जेल एवं मुख्यालय) | 3 | – | | | | | | | | |
| | | चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग | 12 | – | | | | | | | | |
| | | पुलिस विभाग | 12 | – | | | | होमगार्ड्स विभाग (जेल रोड) | राजकीय निर्माण निगम | 2 | – | |
| | | राजस्व विभाग | 1 | – | | | | | | | | |
| | | भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग | 1 | – | | | | | | | | |
| | | वन विभाग | 13 | – | | | | | | | | |
| | | | | | पर्यटन विभाग | 2 | – | | | | | |
| | | जनपद न्यायालय | 4 | – | | | | | | | | |
| | | उच्च न्यायालय | 1 | – | | | | | | | | |
| | | | | | भूमि सुधार निगम (भूमित्र भवन) | 1 | – | | | | | |
| | | | | | मण्डी परिषद | 3 | – | | | | | |
| | | सहकारिता विभाग | 2 | – | | | | | | | | |
| | | गन्ना विभाग | 2 | – | | | | | | | | |
| | | व्यापार कर विभाग | 4 | 1 | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पशुपालन वि... | 7 | – | पशुपालन विभाग | 1 | – | पशुपालन विभाग | राजकीय निर्माण निगम | 2 | 2 | |
| | | चिकित्सा षिक्षा विभाग | 14 | – | चिकित्सा शिक्षा विभाग (मेडिकल यूनिवर्सिटी) | 1 | – | | | | | |
| | | संस्कृति विभाग | 2 | – | संस्कृति विभाग | 2 | – | | | | | |
| | | पर्यावरण विभाग | 1 | – | | | | | | | | |
| | | समाज कल्याण विभाग | 1 | – | | | | | | | | |
| | | उद्यान विभाग | 4 | – | | | | उद्यान विभाग | – | 4 | 4 | |
| | | ऊर्जा विभाग | 8 | – | | | | | | | | |
| | | लखनऊ विश्वविद्यालय ( उच्च शिक्षा विभाग ) | 15 | 1 ऑशिक | | | | | | | | |
| | | पिकप भवन | 1 | – | | | | | | | | |
| | | केन्द्रीय भूजल बोर्ड | 1 | 1 | | | | | | | | |
| | | एनबीआरआई | 2 | 1 | | | | | | | | |
| | | सीडीआरआई | 2 | – | | | | | | | | |
| | | आईटीआरसी | 1 | – | | | | | | | | |
| | | सिमैप | 1 | – | | | | | | | | |
| | | दूरदर्शन | 2 | – | दूरदर्षन | 1 | 1 | | | | | |
| | | | | | यूपीआईएल | 2 | 2 | | | | | |
| | | स्टेट बैंक ऑफ इंडिया | 3 | 1 | | | | | | | | |
| | | भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण | 4 | 1 | | | | | | | | |
| | | उ0प्र0 लोक सेवा आयोग | 1 | – | | | | | | | | |
| | | प्रशासनिक एवं प्रबंधन अकादमी | 1 | – | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | रूरल इलेक्ट्रीफिकेश | 1 | – | | | | | | |
| | | रेलवे विभाग | 8 | – | | | | आंचलिक विज्ञान केन्द्र | – | 1 | – | | |
| | | राजकीय निर्माण निगम | 1 | – | | | | | | | | | |
| | | पोस्ट एवं टेलीग्राफ विभाग | 8 | – | | | | | | | | | |
| | | | | | ललित कला अकादमी | 1 | – | | | | | | |
| | | विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग | 3 | 1 | विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग | 1 | 1 | | | | | | |
| | | आयकर विभाग | 2 | – | | | | उ0प्र0 सहकारी आवास संघलि0 | जल निगम | 1 | 1 | | |
| | | सहकारी ग्राम्य विकास बैंक | 1 | – | | | | | | | | | |
| | | एकल श्रमजीवी महिला आवास योजना (महिला कल्याण सीतापुर रोड) | 1 | – | | | | | | | | | |
| | | लघु सिंचाई विभाग (बक्शी का तालाब) | 1 | 1 | | | | | | | | | |
| | | उ0प्र0 राज्य चीनी निगम लि0 | 1 | – | | | | | | | | | |
| | | निरालानगर पोस्ट आफिस | 1 | 1 | | | | | | | | | |
| | | अलीगंज पोस्ट आफिस | 1 | 1 | | | | | | | | | |
| | | उद्योग विभाग | 1 | 1 | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राथमिक विद्यालय निरालानगर(शिक्षा विभाग) | 1 | 1 | | | | | | | | | |
| | | प्राथमिक विद्यालय निषातगंज(शिक्षा विभाग) | 1 | 1 | | | | | | | | | |
| | | राजकीय मुद्रणालय | 1 | – | | | | | | | | | |
| | | | | | वन निगम | 2 | – | | | | | | |
| | | राजकीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थान (प्रषिक्षण एवं सेवा नियोजन, श्रम विभाग) | 4 | – | | | | | | | | | |
| | | राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लिमिटेड | 1 | – | | | | | | | | | |
| | | उ0प्र0 वन निगम मुख्यालय | 2 | – | | | | | | | | | |
| | | उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय | 24 | – | | | | | | | | | |
| | | खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ।ग्रामोद्योग भवन। | 1 | – | | | | | | | | | |
| | | | | | एस0पी0एल0 एम0 | 1 | 1 | | | | | | |
| | | रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर कार्यालय भवन | 1 | 1 | रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर बैंक भवन | 1 | 1 | | | | | | |
| | | कर्मचारी राज्य बीमा निगम | 1 | – | | | | | | | | | |
| | | योग | 304 | 47 | | 23 | 9 | | | 19 | 14 | | |

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD,
LUCKNOW BENCH, LUCKNOW

Writ Petition No. 4436 (M/B) of 2007

Sewage Treatment Plant, Lucknow.....Petitioner

**Versus**

State of U.P. and others ....Opposite Parties

**Annexure No.** SCA-7

1736

# संलग्नक-7

उत्तर प्रदेश शासन,
लघु सिंचाई एवं ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा अनुभाग–1
संख्या– /62–1–2007–8डब्लूपी/2007
लखनऊः दिनांक– 05 अक्टूबर,2007

## कार्यालय–ज्ञाप

प्रदेश में विभिन्न प्रकार से सिंचाई, पेयजल एवं उद्योगों हेतु भूगर्भ जल के दोहन के कारण गिरते भूगर्भ जल स्तर को रोकने तथा वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य बनाये जाने की दृष्टि से रिट याचिका संख्या–3599(एम/बी)/2007 राजीव तिवारी बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक–15 जून, 2007 के अनुपालन में विशेषज्ञ समिति का गठन निम्नवत् किया जाता है :–

| | |
|---|---|
| (1) कृषि उत्पादन आयुक्त,<br>उत्तर प्रदेश शासन। | अध्यक्ष |
| (2) प्रमुख सचिव,<br>लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन। | सदस्य सचिव |
| (3) प्रमुख सचिव,<br>ग्राम्य विकास विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन। | सदस्य |
| (4) प्रमुख सचिव,<br>कृषि विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन। | सदस्य |
| (5) प्रमुख सचिव,<br>भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन। | सदस्य |
| (6) प्रमुख सचिव,<br>आवास विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन। | सदस्य |
| (7) प्रमुख सचिव,<br>नगर विकास विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन। | सदस्य |
| (8) प्रमुख सचिव,<br>राजस्व विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन। | सदस्य |
| (9) प्रमुख सचिव,<br>वन विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन। | सदस्य |

COMMISSIONER FOR OATH
High Court, Allahabad

1737 646 283

| | |
|---|---|
| (10) प्रमुख सचिव,<br>सिंचाई विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन। | सदस्य |
| (11) निदेशक,<br>भूगर्भ जल विभाग,उ0प्र0,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| (12) मुख्य अभियन्ता,<br>लघु सिंचाई विभाग,उ0प्र0,<br>लखनऊ। | आमंत्रित सदस्य |
| (13) क्षेत्रीय निदेशक,<br>केन्द्रीय भूजल बोर्ड,लखनऊ। | आमंत्रित सदस्य |

2— चूँकि भूगर्भ जल से सम्बन्धित कार्यों हेतु लघु सिंचाई विभाग के प्रशासकीय नियंत्रण में भूगर्भ जल विभाग,उ0प्र0 को नोडल विभाग बनाया गया है, अतः बैठक आहूत करने तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय करने का कार्य प्रमुख सचिव/सचिव, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग द्वारा किया जायेगा।

उक्त विशेषज्ञ समिति की बैठक प्रत्येक माह कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में उनके सभा कक्ष में आहूत की जायेगी। यदि किन्ही कारणों से कृषि उत्पादन आयुक्त उपलब्ध न हों, तो प्रमुख सचिव, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न होगी।

चन्द्र प्रकाश
प्रमुख सचिव।

संख्या—2177(1)/62--1--2007,तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

(1) प्रमुख सचिव,ग्राम्य विकास विभाग,उ0प्र0शासन।
(2) प्रमुख सचिव,कृषि विभाग,उ0प्र0शासन।
(3) प्रमुख सचिव,भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग,उ0प्र0शासन।
(4) प्रमुख सचिव,आवास विभाग,उ0प्र0शासन।
(5) प्रमुख सचिव,नगर विकास विभाग,उ0प्र0शासन।
(6) प्रमुख सचिव,राजस्व विभाग,उ0प्र0शासन।
(7) प्रमुख सचिव,वन विभाग,उ0प्र0शासन।
(8) प्रमुख सचिव,सिंचाई विभाग,उ0प्र0शासन।
(9) स्टाफ आफिसर,कृषि उत्पादन आयुक्त,उ0प्र0शासन।
(10) निदेशक,भूगर्भ जल विभाग,उ0प्र0,लखनऊ।
(11) मुख्य अभियन्ता,लघु सिंचाई विभाग,उ0प्र0,लखनऊ।
(12) क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, भूजल भवन, सेक्टर—बी, सीतापुर रोड योजना, लखनऊ।

आज्ञा से,
(डा0 सुधाकर अदीब)
संयुक्त सचिव।

COMMISSIONER FOR OATH
High Court, Allahabad

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD,
LUCKNOW BENCH, LUCKNOW

Writ Petition No. 4436 (M/B) of 2007

Sewage Treatment Plant, Lucknow.....Petitioner

**Versus**

State of U.P. and others ....Opposite Parties

**Annexure No.** SCA-8

284

1738

**कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 की अध्यक्षता में गिरते हुए भूजल स्तर को रोकने तथा वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिचार्ज के संबंध में गठित "विशेषज्ञ समिति" की दिनांक 08–4–2009 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची संलग्न है।

बैठक के प्रारम्भ में प्रमुख सचिव, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल द्वारा प्रदेश में सिंचाई, पेयजल एवं उद्योगों हेतु भूगर्भ जल दोहन के कारण गिरते हुए भूगर्भ जल स्तर को रोकने तथा वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य बनाए जाने की दृष्टि से रिट याचिका सं0–3599(एम0बी0)/2007 राजीव तिवारी बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य मे मा0 न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 15–6–07 से समिति को अवगत कराते हुए यह सूचित किया गया कि शासनादेश दिनांक 05–10–2007 द्वारा गठित उक्त "विशेषज्ञ समिति" मा0 उच्च न्यायालय के निर्णय दिनांक 15.6.2007 के अनुपालन में गठित की गयी है। उक्त रिट याचिका से संबंधित नोडल विभाग नगर विकास विभाग है। प्रमुख सचिव, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उक्त विशेषज्ञ समिति के गठन के पूर्व रिट याचिका सं0 2409/2004 एक्सनोरा इनोवेटर्स क्लब बनाम राज्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय के निर्णय के कम में शासनादेश दिनांक 12–7–2004 द्वारा रेनवाटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज के संबंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति गठित है तथा रिट याचिका सं0 38910/2003, इकबाल अहमद बनाम डी0डी0सी0 व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के कम में तालाबों, झीलों इत्यादि के संरक्षण हेतु राजस्व विभाग द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कार्यालय ज्ञाप सं0 234/1–2–2007–रा–2, दिनांक 07फरवरी, 2007 से एक समिति पृथक से गठित है। इस प्रकार रेनवाटर हार्वेस्टिंग, जल संरक्षण, रिचार्ज इत्यादि के संबंध में ही पृथक–पृथक तीन समितियां गठित है। प्रमुख सचिव, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल द्वारा पूर्व से ही गठित उक्त समितियों द्वारा किए गए निर्णयों के कम में वर्षा जल संचयन एवं रिचार्ज हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लिए गए निर्णयों से भी अवगत कराया गया। उन्होंने यह भी सूचित किया कि कदाचित रिट याचिका सं0 3599/2007 राजीव तिवारी बनाम राज्य में प्रतिशपथ पत्र दाखिल करते समय मा0 उच्च न्यायालय को इन सभी समितियों के संबंध में अवगत नहीं कराया गया। यह उचित होगा कि इन सभी समितियों के terms of reference का परीक्षण कर यह देख लिया जाए कि तीनों समितियों के अलग–अलग बने रहने का औचित्य है?

प्रमुख सचिव, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल के द्वारा प्रदेश में रेनवाटर हार्वेस्टिंग, वर्षा जल संचयन, भूगर्भ जल रिचार्ज, जल संरक्षण इत्यादि को और प्रभावी बनाने हेतु प्रस्तावित कतिपय उपायों को समिति के समक्ष रखा गया। ये निम्नवत् है :–

**शहरी क्षेत्र :–**

(1) शहरी क्षेत्र के अनुपयुक्त क्षेत्र में तालाबों/वाटर बाडीज का निर्माण।
(2) सड़कों पर गिरने वाले वर्षा जल का रिचार्ज ट्रेन्च के माध्यम से रिचार्ज।
(3) सड़कों के किनारे पेवमेन्ट में परफोरेटेड ब्लाक्स का उपयोग किया जाना।
(4) शहर के बाहरी क्षेत्र में भूगर्भ जल पोषित जल कल (water works) स्थापित करना।
(5) रिसाइकिल्ड वाटर का रिचार्ज (सीवर वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट स्थापित कर ट्रीटेड जल का रिचार्ज) अथवा उसका सिंचाई एवं औद्योगिक क्षेत्र में उपयोग।

COMMISSIONER FOR OATH

(6) शहर के विभिन्न भागों में स्थित पार्कों में रिचार्ज ट्रेन्च का निर्माण।
(7) ग्रीष्म काल में मानसून से पूर्व पार्कों व मोटर गेराजों में भूगर्भ जल के उपयोग पर प्रतिबन्ध लगाया जाना। (वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत)
(8) शहरी क्षेत्रों में जिनके घरों में सबमर्सिबल पम्प स्थापित किये गये हों उन्हें वाटर कनेक्शन न दिया जाना एवं भूजल दोहन हेतु प्रतीक जल कर वसूल किया जाना।
(9) आबादी वाले क्षेत्रों मे सामूहिक भूजल रिचार्ज को प्रोत्साहित करने हेतु जलकर/गृहकर में छूट प्रदान करना।
(10) विशेष रूप से 10 लाख से ऊपर आबादी वाले क्षेत्रों में पेयजल हेतु एवं धुलाई/सफाई कार्य हेतु पृथक–पृथक पाइप लाइन बनाई जाए।

**ग्रामीण क्षेत्रः–**

(1) वर्षा जल का अधिकतम रन आफ, रिचार्ज हेतु उपयोग में लाये जाने के लिए 138(अति दोहित, क्रिटिकल एवं सेमी क्रिटिकल) विकासखण्डों में वर्षा जल रिचार्ज की एक परियोजना तैयार की जाये, जिससे 5 वर्षों में यह सभी विकासखण्ड सेफ श्रेणी में आ जायें इसमें प्रत्येक विकासखण्ड के प्रत्येक गॉव में 05 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष दो–दो तालाबों का निर्माण/जीर्णोद्धार किया जाना अनिवार्य किया जाये।
(2) भूजल स्तर में गिरावट वाले शेष 323 विकासखण्डों में निम्न बिन्दुओं को अनिवार्य किया जाय–
   (i) प्रत्येक गॉव में 05 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष एक–एक तालाब का निर्माण/जीर्णोद्धार किया जाए।
   (ii) ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध डिप्रेशन में रिचार्ज पिट अथवा छोटे तालाब का निम्रण (वर्षा के समय जहॉ–जहॉ जल एकत्रित होता है तथा उसका कैचमेन्ट लगभग 0.5 से 1.0 हेक्टेयर हो)।
   (iii) इन सीटू (आन फार्म) रिचार्ज एक्टीविटी को कृषि योग्य भूमि में प्रोत्साहित करना।
(3) छोटी नदी व नालों पर चेक डैम का निर्माण।
(4) वनीकरण एवं नमी संरक्षण कार्य।
(5) भूजल व सतही जल का समन्वित उपयोग व प्रबन्धन।
- गहरे भूजल स्तर वाले क्षेत्रों में नहरों का अधिकतम उपयोग तथा स्प्रिन्कलर व ड्रिप सिंचाई हेतु 138 विकासखण्डों में अनुदान दिए जाने पर विचार किया जाना।

उपस्थित अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त बैठक में निम्न निर्णय लिए गए :–

1– रिट याचिका सं0–3599(एम0बी0)/2007 में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 15–6–2007 के अनुपालन में नगर विकास/आवास विभाग यह देख ले कि इस संबंध में विस्तृत (comprehensive) आदेश निर्गत हुआ कि नहीं। यदि यह नहीं हुआ तो तत्काल एक विस्तृत आदेश मुख्य सचिव स्तर से कराया जाय।
2– उक्त रिट याचिका तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं लेक, पान्डस व वाटर बाडीज के संरक्षण से संबंधित अन्य रिट याचिाक सं0 2409/2004 एकसनोरा इन्नोवेटर्स क्लब बनाम राज्य सरकार व अन्य तथा रिट याचिका सं0 38910/2003 इकाबल अहमद बनाम डीडीसी देवरिया व अन्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों नगर विकास/आवास विभाग से संबंधित विन्दुओं के संबंध में एक

COMMISSIONER FOR OATH High Court, Allahabad

प्रभावशाली अनुश्रवण व्यवस्था विकसित की जाए और प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रत्येक माह भूगर्भ जल विभाग को उपलब्ध कराई जाए।

(कार्यवाही नगर विकास विभाग/आवास विभाग)

3— शहरी क्षेत्रों में रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य किया गया है। इसके अनुश्रवण की प्रभावी व्यवस्था बनायी जाय और नियमित रूप से प्रगति प्राप्त की जाए।

4— आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग—1 के शासनादेश सं0—यू0ओ0—35/आठ—1—2005, दिनांक 25—4—2006 में किए गए प्राविधानों के निम्न मदों के अनुश्रवण की प्रभावी व्यवस्था बनायी जाये और नियमित रूप से प्रगति उपलब्ध कराई जाये:—

(i) नगरीय क्षेत्रों में तालाब/पोखरों व जलाशयों का संरक्षण ।

(ii) 20 एकड से अधिक व कम क्षेत्रफल की आवासीय योजनाओं में तालाब जल संरक्षण इत्यादि के किए गए प्राविधान।

(iii) नई आवासीय योजनाओं में जलापूर्ति, ड्रेनेज व सीवरेज नेटवक के साथ भूजल की सामूहिक रिचार्जग हेतु पृथक नेटवर्क।

(iv) 300 वर्ग मी0 अथवा इससे अधिक क्षेत्रफल में निर्मित भवनों पर रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग की अनिवार्य व्यवस्था।

(v) निजी निर्माताओं अथवा शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों द्वारा निर्मित ग्रुप हाउसिंग कालोनियों तथा बहुमंजिकला इमारतों में उक्त प्राविधानों के अनुश्रवण की प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए और प्रत्येक माह विभिन्न रूप से सभी मदों की प्रगति उपलब्ध कराई जाए।

(vi) सडकों के किनारों को यथासंभव कच्चा रखने तथा उसमें ब्रिक आन ऐज/लूज स्टोन पेवमेंट के प्राविधान।

6— शहरी क्षेत्रों में पार्कों में पक्के स्थान के निर्धारण इत्यादि से संबंधित दिशा—निर्देश निर्गत कराए जाए।

(कार्यवाही—आवास विभाग/नगर विकास विभाग)

7— शहरी क्षेत्र में तालाबों एवं वाटर बाडीज के संरक्षण हेतु रिपेयर रिपोपेशन आफ वाटर बाडीज की केन्द्र पोषित योजना जिसका प्रदेश में नोडल विभाग, भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग है, से धनराशि प्राप्त करने हेतु योजना बनाकर प्रस्तुत की जाए।

8— सभी संबंधित विभाग एक सप्ताह के अन्दर वर्षा जल संचयन, भूगर्भ जल रिचार्ज, जल संरक्षण इत्यादि से संबंधित कराये जा रहे कार्यों हेतु अनुश्रवण की प्रभावी व्यवस्था हेतु निदेश निर्गत कर भूगर्भ जल विभाग को अवगत करायें।

9— ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित रेन वाटर हार्वेस्टिंग/रिचार्जिंग योजनाओं का जनपद स्तर पर एकीकृत प्लान तेयार करने, विभिन्न विभागों में आपसी तकनीकी समन्वय स्थापित करने तथा उसके प्रभावी कियान्व्यन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शासनादेश दिनांक 02—12—2004 द्वारा गठित "तकनीकी समन्वय समिति" की बैठक नियमित रूप से नहीं हो रही है और न ही उनकी सूचना प्राप्त हो रही हैं।

इस संदर्भ में आयुक्त, ग्राम्य विकास की अध्यक्षता में कृषि, भूमि विकास एवं जल संसाधन, वन, सिंचाई, लघु सिंचाई, भूमि सुधार निगम, पंचायतीराज आदि विभागों को सम्मिलित कर एक सब ग्रुप/टास्कफोर्स गठित की जाए जिसका सदस्य सचिव निदेशक, भूगर्भ जल को बनाया जाए। इस ग्रुप द्वारा प्रत्येक जनपद का मास्टर प्लान तैयार करने हेतु किसी अच्छी सलाहकार संस्था का चयन किया जाए और टर्म्स आफ रिफरेन्स निर्धारित करते हुए प्रत्येक जनपद का मास्टर प्लान तीन महीने में तैयार करवाया जाए जिसमें विभिन्न कार्यों का वार्षिक लक्ष्य तथा वित्त पोषण का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। मास्टर प्लान तैयार करने पर आने वाली लागत की व्यवस्था फूड सेक्योरिटी मिशन के अन्तर्गत इनोवेटिव स्कीम हेतु मात्राकृत धनराशि से अथवा ग्राम्य विकास विभाग को विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध धनराशि से किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बड़ी झीलों की सफाई का भी मास्टर प्लान में सम्मिलित किया जाए तथा 'वैट लैण्ड स्कीम' के अन्तर्गत भी झीलों के जीर्णोद्धार व विकास का कार्य कराया जाय।

(कार्यवाही– लघु सिंचाई, ग्राम्य विकास एवं संबंधित विभाग)

10– ग्रामीण क्षेत्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग/रिचार्जिंग को अनिवार्य किए जाने हेतु राजस्व एवं ग्राम्य विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर भूगर्भ जल विभाग (जो पहले से ही नोडल विभाग घोषित है) एक कम्प्रीहेन्सिव शासनादेश निर्गत करायें।

(कार्यवाही–राजस्व व ग्राम्य विकास विभाग)

11– शहरी क्षेत्रों में गिरते भूजल की समस्या के दृष्टिगत नगर विकास/आवास विभाग द्वारा पब्लिक कास्ट पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग/रिचार्जिंग कार्य कराए जाने की संभावनाओं को देखा जाए और सुविचारित प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

(कार्यवाही– नगर विकास/आवास विभाग)

12– शहर के बाहरी क्षेत्र में भूगर्भ जल पोषित वाटर–वर्कस की योजना बनाये जाने हेतु एक कन्सेप्ट पेपर विकसित किया जाए तथा उसका वित्त पोषण वाहय सहायतित परियोजनाओं के अन्तर्गत कराया जाने हेतु तत्काल नियोजन विभाग को भेजा जाए।

(कार्यवाही– नगर विकास विभाग)

13– शहरी क्षेत्र में जल के प्रयोग पर Differential pricing की व्यवस्था विकसित की जाए ताकि आवश्यकता से अधिक जल का प्रयोग करने वाले यूजर्स से अधिक कर वसूला जा सके और जल के अपव्यय को नियंत्रित किया जा सकें।

(कार्यवाही– नगर विकास विभाग,जल संस्थान)

14– मुख्य शहरों में नदियों व बड़े नालों पर शहर में प्रवेश करने से पहले एक बैराजिंग कर जल स्टोरेज एवं रिचार्ज करने व पेयजल हेतु उस पानी का उपयोग करने की व्यवस्था की जाए।

(कार्यवाही–नगर विकास विभाग)

15– ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्वी उ0प्र0 के जनपदों, जहॉ भूजल स्तर उथला है, को छोड़ कर प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्ड के गॉवों में 2–2 तालाब, नरेगा के अन्तर्गत बनाए जाएं।

(कार्यवाही–ग्राम्य विकास विभाग)

COMMISSIONER FOR OATH
High Court, Allahabad

288

1742

16– उक्त संदर्भित याचिकाओं में मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में गठित तीन समितियों के terms of reference का परीक्षण कर अग्रिम कार्यवाही पर धनिर्णय लेने हेतु मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में बैठक आहूत करायी जाए।

17– उक्तानुसार विभिन्न संस्तुतियों को प्राथमिकता क्रम में निर्धारित किया जाए और 5 प्रथम प्राथमिकता वाली संस्तुतियों पर प्रथमतः समयबद्ध ढंग से कार्यवाही की जाए।

संख्या– 914/62–1–2009, दिनांक: 24-4-09

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0शासन।
2– प्रमुख सचिव, कृषि विभाग, उ0प्र0शासन।
3– प्रमुख सचिव, भूमि विकास एवंज ल संसाधन विभाग, उ0प्र0शासन।
4– प्रमुख सचिव, आवास विभाग, उ0प्र0शासन।
5– प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0शासन।
6– प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0शासन।
7– प्रमुख सचिव, वन विभाग, उ0प्र0शासन।
8– प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग, उ0प्र0शासन।
9– बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारीगण।
10– स्टाफ आफीसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0शासन।

(उषारमण त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

COMMISSIONER FOR OATH

289

1743

**दिनांक 08–4–2009 को कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 की अध्यक्षता में गिरते हुए भूजल स्तर को रोकने तथा वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिचार्ज के संबंध में गठित "विशेषज्ञ समिति" की बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची।**

| क0सं0 | अधिकारियों का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | सर्वश्री–<br>" टी0आर0 त्रिपाठी | |
| 2 | " मनोज कुमार सिंह | आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0शासन। |
| 3 | " अनिल कुमार सिंह | विशेष सचिव, आवास, उ0प्र0शासन। |
| 4 | " बी0एल0 अग्रवाल | विशेष सचिव, कृषि उत्पादन । |
| 5 | " संजय सिंह | विशेष सचिव, वन, उ0प्र0शासन। |
| 6 | " विजय बहादुर सिंह | विशेष सचिव, नगर विकास, उ0प्र0शासन। |
| 7 | " शिवशंकर सिंह | विशेष सचिव, समन्वय, उ0प्र0शासन। |
| 8 | " जमाल नुसरत | प्रोफेसर, वाल्मी लखनऊ (सेवा निवृत्त) |
| 9 | " आर0आर0वर्मा | विशेष सचिव, समन्वय, उ0प्र0शासन। |
| 10 | " भजन सिंह | क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, लखनऊ। |
| 11 | " उपेन्द्र श्रीवास्तव | वैज्ञानिक सी, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, लखनऊ। |
| 12 | " अजय कुमार भार्गव | वैज्ञानिक बी, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, लखनऊ। |
| 13 | " एम0पी0 खण्डोई | अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, लखनऊ। |
| 14 | " अरूण कुमार | अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, लखनऊ। |
| 15 | " राम सजन' | उप सचिव, भूमि विकास एवं जल संसाधन |
| 16 | " विजय कुमार मिश्र | उप सचिव, सिंचाई विभाग, लखनऊ। |
| 17 | " शिशिर कुमार यादव | उप सचिव, राजस्व। |
| 18 | " राम सिंह | अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई। |
| 19 | " राम सहाय गुप्ता | अनु सचिव, नगर विकास। |
| 20 | " अरविन्द कुमार चित्रांशी | अनु सचिव, समन्वय। |
| 21 | " एम0एम0 अंसारी | निदेशक, भूगर्भ जल विभाग |
| 22 | " राम किशोर | अनु सचिव, लघु सिंचाई । |

COMMISSIONER FOR OATH
High Court, Allahabad

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD,
LUCKNOW BENCH, LUCKNOW

Writ Petition No. 4436 (M/B) of 2003

Sewage Treatment Plant, Lucknow.....Petitioner

**Versus**

State of U.P. and others ....Opposite Parties

**Annexure No.** SCA-9

संख्या– 43/54-2-2009-9(127)/08

प्रेषक,

अतुल कुमार गुप्ता,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1–समस्त मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2–समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

भूमि विकास एवं जल संसाधन अनुभाग–2

लखनऊः दिनांक 30 मार्च, 2009

विषय– जन सामान्य के अच्छे भविष्य हेतु जल संरक्षण ।

महोदय,

आप अवगत हैं कि जल ही जीवन है। जल के अभाव में जीवन की संकल्पना नहीं की जा सकती है। देश एवं प्रदेश में बढ़ती हुयी जनसंख्या के कारण बढ़ रही पेयजल की मांग एवं विगत वर्षो में औसत से कम वर्षा होने से भूगर्भ के निरंतर घट रहे जल स्तर को देखते हुये यह आवश्यक है कि अब जन सामान्य द्वारा जल का न केवल मितव्ययतापूर्वक उपयोग किया जाय, वरन् भविष्य के लिये जल का संरक्षण भी किया जाय।

2– इस उददेश्य की पूर्ति के लिये प्रदेश में वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को जल की सुलभता सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश शासन तंत्र का यह नैतिक दायित्व है कि जन सामान्य में जल का सम्यक् उपयोग करने एवं भविष्य के लिये जल का संरक्षण करने हेतु प्रोत्साहित किया जाय।

3– अतएव उपर्युक्त तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया जन सामान्य के अच्छे भविष्य हेतु जल संरक्षण के प्रयोजनार्थ निम्नलिखित सुझावों को अमल मे लाने एवं इसके प्रचार – प्रसार हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें। :–

(1) बैठकों, सेमीनारों, प्रदर्शिनियों एवं सांस्कृतिक कार्यकमों में जहां पेयजल आवश्यक हो, 01 लीटर पानी के बोतल के स्थान पर 250–300 मिलीलीटर के पानी के बोतल का उपयोग किया जाय, जिंससे इस अमूल्य धरोहर /संसाधन को अपव्यय से बचाया जा सके।

(2) पानी पीने हेतु छोटे बर्तन/गिलास का उपयोग करने का अनुरोध जन सामान्य से किया जाय।

(3) बड़े गिलास/बर्तन मे पानी लेकर एक या दो घूंट पानी पीने के बाद शेष पानी फेंक देने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करने के लिये केवल उतना ही पानी लिया जाय जितना पिया जा सके।

(4) पीने के पानी (ट्रीटेड) से लॉन, किचन-गार्डेन, फूलों की क्यारियों आदि की सिंचाई तथा गर्मियों में धूल उड़ने से बचने के लिये घर के सामने की सड़क भिगोंने की गतिविधियों को, पेयजल की महत्ता एवं सीमितता के दृष्टिगत, हतोत्साहित किया जाय।

4– कृपया उपरोक्त सुझावों के कियान्वयन हेतु अपने स्तर से की गयी कार्यवाही एवं इस निमित्त जारी किये गये आदेशों /परिपत्रों से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अतुल कुमार गुप्ता)
मुख्य सचिव।

P.T.O. .....2

(सुशील कुमार)
प्रमुख सचिव
लघु सिंचाई उत्तर प्रदेश शासन

COMMISSIONER FOR OATH
High Court, Allahabad

~~1.54~~ 291
1745

संख्या –43(1) /54–2–2009–तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उ0 प्र0 ।
2– प्रमुख सचिव, मुख्य मंत्री, उ0प्र0।
3– समस्त मा0 मंत्री गण/मा0 राज्य मंत्री गण(स्वतंत्र प्रभार)/ मा0 राज्य मंत्री गण के निजी सचिव।
4– स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन।
5– समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उ0 प्र0 शासन।
6– प्रमुख सचिव, विधान सभा/विधान परिषद,उ0प्र0।
7– निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उ0 प्र0,लखनऊ को इस अभियुक्ति सहित कि कृपया समाचार पत्रो के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करा दें।
8– निजी सचिव, मा0 जल संसाधन मंत्री, भारत सरकार श्रम शक्ति भवन, रफी अहमद किदवई, मार्ग, नई दिल्ली।
9– उ0 प्र0 सचिवालय के समस्त अनुभाग।

आज्ञा से,

(योगेश कुमार)
प्रमुख सचिव।

COMMISSIONER FOR OATH
High Court, Allahabad
2/7/10

1746 (1653) 292

**IN THE HON'BLE HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD, SITTING AT LUCKNOW.**

C. M. Application No. of 2009

State of U. P. ----------Applicant

In re

**Writ Petition No. 4436 (M.B.) of 2003**

Sewage Treatment Plant ---------Petitioner

Versus

State of U. P. & Others ---------Opp. Parties

APPLICATION FOR TAKING ON RECORD

The applicant – respondent above named, most respectfully submit as under:

The applicant is filing the affidavit in the above noted writ petition in compliance of the order dated 15.5.2009 passed by this Hon'ble Court, which is expedient in the interest of justice. Hence the same be taken up on the record of the writ petition.

P R A Y E R

Wherefore, it is most respectfully prayed that this Hon'ble Court may graciously be pleased to allow the accompanying affidavit to be taken on the record.

Such other and further order which this Hon'ble Court may deem just, fit and proper under the circumstances of the case may also be passed.

Lucknow

Dated: 09-07-2009 H. Srivastava

ADDL.CHIEF STANDING COUNSEL

(COUNSEL FOR APPLICANT)

